प्रादेशिक समाचार
28.08.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का अंतिम दिन प्रश्नकाल हंगामे से प्रभावित रहा, दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से हुआ पारित।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा में दिवंगत तीन राज्य कर्मियों के परिजनों को सौंपा 1–1 करोड़ रुपये का चेक, कहा–सरकार सेवा में दिवंगत कर्मियों के परिवारों के साथ हमेशा है।
3. राज्य समेत देशभर में मनाई गई प्रधानमंत्री जनधन योजना की 11 वीं वर्षगांठ, झारखंड में करोड़ों लोग जीरो बैलेंस खाते से हो रहे लाभान्वित।
4. लोहरदगा में सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और दिशा की बैठक आयोजित, स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा और बिजली आपूर्ति योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश।
5. रांची में 31 अगस्त को आयोजित होने वाले खिलाड़ी समागम में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के 300 पूर्व खिलाड़ी होंगे शामिल, कार्यक्रम में खेल विकास की बाधाओं और समाधान पर होगी चर्चा।

*******************

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गया। मंत्री दीपक बिरूआ ने प्रस्ताव रखा और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर सहित अन्य नेताओं ने समर्थन किया।

प्रश्नकाल हंगामे के कारण प्रभावित रहा और इस दौरान 73 अल्पसूचित और 162 तारांकित सवालों पर चर्चा नहीं हो पाई। विधायक प्रदीप यादव, निर्मल महतो और दशरथ गागरई सहित कई सदस्यों ने शिक्षा, विकास और गैर सरकारी संकल्प पेश किए। झामुमो विधायक मथुरा महतो ने शेल कंपनी द्वारा रैयतों पर की गई मारपीट का मुद्दा उठाया, जिस पर मंत्री योगेंद्र महतो ने दोषियों की पहचान कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। अंत में स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा में विभिन्न दुर्घटनाओं में दिवंगत तीन राज्य कर्मचारी के परिजनों को 1–1 करोड़ रुपए का चेक सौंपा। दिवंगत कर्मियों में कांस्टेबल अजीत कुमार, आरक्षी अनिल कुमार झा और शिक्षक सुशील कुमार मरांडी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हमेशा सेवा में दिवंगत कर्मियों के परिजनों के साथ खड़ी रहेगी।

*******************

प्रधानमंत्री जनधन योजना की आज 11वीं वर्षगांठ है। इस योजना का उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं को समाज के अंतिम पायदान तक पहुँचाना और वित्तीय सहायता सीधे बैंक खाते में देना है। हजारीबाग के अर्थशास्त्री डॉ. उमेंद्र सिंह ने बताया कि इस योजना ने ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधा को बढ़ावा दिया है।

इधर जमशेदपुर में प्रधानमंत्री जनधन योजना के 11 साल पूरे होने पर बैंक मैनेजर सुनील कुमार ने बताया कि उनके बैंक में 50 प्रतिशत से ज्यादा खाते जनधन योजना के तहत खुले हैं और हर तबके के लोग इसका लाभ ले रहे हैं।

उधर गिरिडीह जिले में प्रधानमंत्री जनधन योजना ने गरीबों की तकदीर बदल दी है, जहां 15 लाख से अधिक जीरो बैलेंस खाते खोले गए हैं। महिलाओं और लाभुकों का कहना है कि अब बैंक जाना आसान हुआ है और डीबीटी के माध्यम से राशि और पेंशन सीधे खाते में मिल रही है।

*******************

झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 2 सितंबर को दोपहर ढाई बजे मंत्रालय स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। बैठक की सूचना मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने दी है।

*******************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश में आकस्मिक प्रसारण सहायक का पैनल बनाने के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया है। इस संदर्भ में योग्य उम्मीदवार आकाशवाणी की वेबसाईट **newsonair.gov.in** और **prasarbharati.gov.in** के **Vacancies** सेक्शन और प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल **@ airnews_ranchi** से प्रकाशित विज्ञापन डाउनलोड कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन 10 सितंबर 2025 तक उप महानिदेशक सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातू रोड, रांची, पिन कोड–834001 के पते पर स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं।

*******************

लोहरदगा में सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और दिशा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी विभागों के अधिकारियों ने स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा और बिजली आपूर्ति जैसी योजनाओं की समीक्षा की। मौके पर सांसद ने अधिकारियों को जिले के विकास और सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुँचाने के लिए स्पष्ट दिशा–निर्देश दिए।

*******************

एम्स देवघर में आज से आयुर्वेद और होम्योपैथी ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ हो गया है।

*******************

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार कल मोरहाबादी हॉकी स्टेडियम में खेल विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न खेल कार्यक्रमों का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम 29 से 31 अगस्त तक सभी जिलों में आयोजित किए जा रहे हैं।

*******************

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के करीब तीन सौ पूर्व खिलाड़ी 31 अगस्त को रांची में आयोजित होने वाले खिलाड़ी समागम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के पूर्व खेल मंत्री बंधु तिर्की मौजूद रहेंगे। आईपीएस सरोजनी लकड़ा ने जानकारी दी कि इस समागम का उद्देश्य खेल के विकास में आने वाली बाधाओं की पहचान करना और समाधान एवं सकारात्मक सोच पर चर्चा करना है।

*******समाप्त********